पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

के0जी0एम0यू0 लखनऊ का 18वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न
————————

राष्ट्र और मानवता की सेवा सर्वोपरि
———————

चिकित्सक अपनी प्रतिभा का उपयोग और प्रभावी ढंग से करें
—————

चिकित्सक चुनौतियां का समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें
———————

अंगदाता दूसरे व्यक्तियों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं
— श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————————

लखनऊः 23 दिसम्बर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ का 18वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने 41 मेधावियों को मेडल प्रदान किये, जिनमें से 18 छात्र तथा 23 छात्राएं थी। राज्यपाल जी ने छात्राओं द्वारा अधिक पदक प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले सभी चिकित्सकों को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल जी ने छात्र—छात्राओं से कहा कि उन्होंने मानव सेवा का मार्ग चुना है, जिसमें काफी कड़ी मेहनत भी है। उससे भी कड़ी मेहनत उनके माता—पिता ने इस ऊंचाई तक पहुंचाने में की है। उन्होंने कहा कि सफलता मिलने के बाद अपने माता—पिता को कभी न भूलें, राष्ट्र और मानवता की सेवा करते रहें। राज्यपाल जी ने कहा कि हमारे देश के डाक्टरों और नर्सों की प्रतिभा व सेवा भावना की साख पूरी

दुनिया में है। डाक्टरों को अपनी इस प्रतिभा का उपयोग और भी अधिक प्रभावी तरीके से करना चाहिए। अपने ज्ञान के उपयोग से एक राष्ट्र के रूप में हमारे सामने आने वाली चुनौतियां का समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को नैक से ग्रेडिंग प्राप्त होने, अपनी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विविध शैक्षिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों से एम0ओ0यू0 करने, सफल अंग प्रत्यारोपण, गांव गोद लेने, टी0बी0 के मरीजों को गोद लेने जैसे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अंगदान करने वाले कई व्यक्तियों को सम्मानित किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंगदाता दूसरे व्यक्तियों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए अंगदान जैसे सामाजिक कार्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ने की अपील की।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज की उपादेयता पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज बहुत ही फायदेमंद है। इसलिए इन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में मोटे अनाज की उपयोगिता बताएं और उन्हें जागरूक करें।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश के चार शहरों आगरा, वाराणसी, लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में जी–20 देशों की बैठकें 01 दिसम्बर, 2022 से 30 नवम्बर, 2023 तक आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस महाइवेंट में के0जी0एम0यू0 भी बढ़–चढ़कर हिस्सा ले। विश्वविद्यालय में किये गये नवाचारों, स्टार्ट अप, सूचना प्रौद्योगिकी, पेटेण्ट, रिसर्च, प्रकाशित पुस्तक तथा अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन प्रदर्शनी एवं डिजीटल माध्यम से अवश्य करें।

राज्यपाल जी ने ''जलभरो'' कार्यक्रम से आज के दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय वर्ष भर में जितना जल उपयोग में लाता है, उतने जल संरक्षण का प्रभावी प्रयास अवश्य

करे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'न्यूज लेटर' का विमोचन तथा विद्यालय से आए बच्चों को स्कूल बैग वितरित किया।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने के0जी0एम0यू0 के चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत की वजह से दुनिया में प्रदेश एवं प्रदेश वासियों को सम्मान मिलता है। उन्होंने अंगदान करने वालों की प्रशंसा करते हुए इसे प्रोत्साहित करने की अपील की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति ले0 जनरल डा0 बिपिन पुरी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

दीक्षान्त समारोह में चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रो वाइस चांसलर प्रो0 विनीत शर्मा जी, चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता प्रो0 ए0के0 त्रिपाठी, डेन्टल संकाय के डीन प्रो0 ए0पी0 टिक्कू, कार्य परिषद एवं विद्या परिषद के सदस्यगण, अन्य अधिकारीगण, चिकित्सकगण एवं कर्मचारीगण तथा विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-

दिलशाद/राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9453005360

University, Uttar Pradesh, Lucknow.

(Erstwhile King George's Medical College - Established 1905)
Convocation

King George's Medical University, Uttar Pradesh, Lucknow.
Convocation

Convocation